तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 20 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 परियोजना कार्यालय में प्रसाधन नहीं महिलाओं को





11 तहसील कार्यालय में बाहरी कर्मचारियों ....




## खबर संक्षेप

### प्रेरणा विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

**बेमेतरा।** इस वर्ष प्रेरणा विद्यालय में कक्षा दसवीं का यह लगातार तीसरा साल रहा। जिसमें विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 29% विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। 50% विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में 50% से ज्यादा बच्चों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं यह पहला बैच निकला। प्रेरणा विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के बीच का अनुपात 1:7 है, जिससे कि शिक्षकों के द्वारा प्रत्येक बच्चों की अनुशासन, आचरण और पढ़ाई पर ध्यान बना रहें। विषय शिक्षकों के साथ प्रत्येक विषय के मेंटर देश भर से बच्चों की शिक्षा पर लगातार ध्यान देते हैं। प्राचार्या रीभा चौधरी ने बच्चो को बधाई दी एवं उनके कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए आगे परिश्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के डायरेक्टर मृदु पोगुला ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण आज से श




**बेमेतरा।** स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 20 मई से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष के अधिक नहीं हैं उन सभी को कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मिलेगा। इससे खिलाड़ी खेल की बरिकियों से अवगत होंगे एवं अपने खेल कौशल पारंगत होंगे। आजकल के परिवेश मे सभी बच्चे मोबाइल का उपयोग बहुत अधिक करते है जो हमारे मन मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है, मोबाइल को दूर करने के लिए बच्चो को मैदान से जोड़ना आवश्यक हो गया है। खेल प्रशिक्षण बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास मे वृद्धि करता है एवं उन्हे स्वस्थ बनता है। बच्चों के बहुमुखी विकास और छुट्टियों के सदुपयोग के लिए ही ऐसे शिविरों को आयोजित किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों के लिए यह शिविर स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में प्रातः 6 से 8 और शाम 5 बजे से 7 बजे तक लगाया जा रहा है। जिले में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर प्रशिक्षण शिविर में ओलम्पिक में शामिल खेलो को प्राथमिकता देते हुए फुटबाल, खो-खो, योगा, क्रिकेट और कराते को सम्मिलित किया जा रहा है। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण मे जिले के सर्व शहरी/ ग्रामीण क्षेत्रवासी स्टेडियम पहुंचकर लाभ प्राप्त करें।

### पुलिस व्यवस्था शोध पर पटेल को पीएचडी

**भिलाई।** पुलिस महकमे में निरीक्षक पद पर पदस्थ नरेश पटेल ने दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली है। नरेश पटेल को यह डिग्री छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में किए गए शोध कार्य के लिए दी गई है।

# एटीएम कार्ड और पिन का नंबर अंजान व्यक्ति को कदापि न बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग अभियान "हमर पुलिस हमर बजार का सी चौपाल थाना दाढी एवं बेरला स्टाफ ने ग्राम छिरहा एवं बेरला के हॉट बाजार में लगाया जहां पुलिस टीम ने आसपास के ग्रामीण अंचल से आये आम जनों को विभिन्न कानून की जानकारी दे कर जागरूक किया। वहीं ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, पिन नंबर, ओटीपी, पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे।

फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती।

■ पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

**ग्राम छिरहा, बेरला के हॉट/बाजार में लगाई चौपाल**




#### वाहन चलाते समय हेलमेट पहने

यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। ग्रामवासियो को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साथ ही सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को विस्तार से चर्चा कर जागरूक किया गया।

हादसा : बेरला ब्लाक के ग्राम सोढ़ निवासी ट्रैक्टर पर सवार होकर धान काटने खेत जा रहे थे

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटकर नहर में गिरी मां-बेटी की मौत, उछलकर गिरे बच्चे सुरक्षित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला थाना इलाके के ग्राम सोढ़ में एक दर्दनाक हादसे में माँ-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि गांव से ट्रैक्टर की ट्राली पर सवार होकर एक महिला व तीन बच्चे सहित चार लोग खेत में गर्मी सीजन के धान की कटाई के लिए जा रहे थे, इसी दरम्यान नहर के किनारे बैलेंस बिगड़ने से ट्राली नहर में गिरकर पलट गई। इस हादसे में ग्राम सोढ निवासी 42 वर्षीय गीताबाई चालीसा पति सनत चालीसा एवं उसके 17 वर्षीय पुत्र हीरालाल चालीसा की मौत ट्राली में दबने से मौके पर हो गयी वही दो अन्य नाबालिग बच्चे हादसे के दौरान उछल कर दूर जा गिरे जिसके चलते वे बाल बाल बच गए। इस हादसे की सूचना सरपंच प्रतिनिधि-रुपेन्द्र पाटिल ने बेरला के पुलिस थाने में दी ,ततपश्चात बेरला पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जिसे देर शाम परिजनों के हवाले सौप कर अंतिम संस्कार कराया गया। बताया जा रहा है कि घटना के वक़्त दोपहर 02 बजे मृतका गीताबाई ट्रैक्टर लेकर अपने खेत मे धान की कटाई के लिए जा रही थी जिसमे उनके पुत्र व भतीजे शामिल थे तभी यह दर्दनाक दुर्घटना घट गयी।

#### ट्रैक्टर से ट्राली सही ढंग से नहीं जुड़ा था

इस घटना का असल कारण ट्रैक्टर के ट्राली का सही ढंग से नहीं जुड़ा होना था। जिसके कारण ट्राली नहर में पलट गई। वहीं मृतका का पति किसान है, जिसका करीब 3 एकड़ गांव में खेती जमीन है। जिस पर कृषि कार्य करते थे। वहीं उनके एक लड़के व तीन लड़कियां थी। जिसमें एकमात्र बेटे का भी हादसे में जान चली गयी।

#### लाश को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला गया

इस सम्बंध में बेरला थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल बेरला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर ट्राली में दबे दोनों मां- बेटे की लाश को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकलवाया गया। वहीं इस घटना के संबंध में पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## शराब तस्करी के आरोप में भाजपा नेता समेत तीन गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर/नवागढ़

आबकारी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में भाजपा युवा नेता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 34 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ कार को भी जब्त किया है। आबकारी विभाग के जानकारी के मुताबिक मारो-नारायणपुर मार्ग पर कुछ लोग अवैध शराब लेकर जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवराज धृतलहरे, राजा बंजारे एवं अजय देशलहरे को रंगेहाथ पकड़ा है।

■ अवैध शराबखोरी को लेकर कांग्रेस ने सत्ता पक्ष पर उठाए सवाल

शुक्रवार की रात तीनों चार पहिया वाहन में सवार थे। आबकारी वृत्त नवागढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा एवं उपनिरीक्षक वीणा भंडारी ने अस्थाई रूप से लगाए गए नाके पर शंका तथा मुखबिर पर कार को रोका। तीनो आरोपी एवं उनके चार पहिया सफ़ेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 केएक्स 6792 की तलाशी ली।

मौके पर आरोपियों के कब्जे से 96-96 नग देशी व अंग्रेजी शराब दो सफेद प्लास्टिक बोरे में भरी हुई मिली। जिनकी कुल मात्रा 192 नग अर्थात 34.56 बल्क लीटर शराब को जब्त किया गया। जिसका बाजार मूल्य मूल्य 21, 120 रूपया अनुमानित हैं। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34(1)क, 34(2) 59 (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शराब तस्करी में पकड़ा गया युवराज घृतलहरे वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला मंत्री है। पुलिस ▶▶| शेष पेज 11 पर

## महिला की हत्या की गुत्थी सुलझी, 2 आरोपी पकड़े गए, खेत का मेड खांचने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



ग्राम बरबसपुर में विगत दिनों हुई महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। एसडीओपी मनोज तिर्की के नेतृत्व में नवागढ़ पुलिस को 7 दिनों बाद दो आरोपियों का पकड़ लिया गया है। दरअसल खेत की मेड को खांचने की बात को लेकर हुए विवाद में आवेश में आकर आरोपी ने पत्थर से सिर पर वार महिला को मार डाला था। आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के ट्रैक्टर ड्राइवर से पूछताछ के बाद मामले का खुलासा हुआ है। कई दिनों से ड्राइवर पुलिस को गुमराह करता रहा।

■ गुस्से में आकर आरोपी ने पत्थर से वार करके मार डाला था

पुलिस के अनुसार विगत सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि सुबह 7 से 9 बजे के मध्य रामसागर साहू के खेत की मेड़ के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम बरबसपुर की कामिन बाई निषाद उम्र 65 वर्ष के सिर में पत्थर से प्राणघातक चोट पहुंचाकर व कुचलकर हत्या कर दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्व धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी के पतासाजी में लग गई। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस लगातार 7 दिनों तक परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर प्रकरण में परिजन एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराख ढूंढने में लगी रही। पूछताछ करने पर कई ऐसी बातें उजागर हुई जो संदेह को जन्म देती थी। मामले की गम्भीरता के मद्देनजर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में टीम गठित हुई थी। वे मौके पर लगातार बने रहे। आरोपी पतासाजी के लिए मृतक के रिश्तेदार, परिवार, गांव आदि के यहां लगातार पुलिस के पूछताछ करने से पुलिस का दबाव बना।

**ट्रैक्टर चालक के बयान से खुलासा:** पुलिस ने जब सख्ती बरती तो उसने बताया कि सोमवार को सुबह वह रामसागर साहू के खेत की जुताई करने ट्रैक्टर लेकर पहुंचा था। जुताई के दौरान कुलबुल साहू भी उपस्थित था। उसी समय कामिन बाई निषाद प्लास्टिक का धमेला लेकर अपने लड़के के खेत में लगी धान फसल को देखने आई थी। जुताई के दौरान ट्रैक्टर कमीन बाई के बेटे के खेत के मेड़ के नजदीक चला गया। कामिन बाई ने मेड़ को खांचने की बात को लेकर कुलबुल साहू से विवाद किया। जिससे कुलबुल साहू आगबबूला होकर गुस्से में आकर पास में रखे पत्थर से कामिन बाई के सिर में मार दिया। जिससे कामिन बाई जमीन में गिर गई। उसके बाद कुलबुल साहू ने कामिन बाई के सिर में कई बार वार कर हत्या कर दिया।

#### 7 दिनों तक गुमराह करता रहा ड्राइवर

घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद घटना के समय आने जाने वाले किसानो एवं मजदूरों का बयान लिया गया। बयान के आधार पर रामसागर साहू के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे चालक राकेश साहू पिता अर्जुन साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरबसपुर पर पुलिस को संदेह हुआ। उससे पूछताछ करने पर वह हर बार अलग अलग बयान देकर पुलिस को ही गुमराह करने लगा।

#### 50 हजार के लालच में घटना को छुपाया

कुलबुल साहू घटना करने के बाद ड्राइवर को कहा कि तुम घटना के बारे में किसी को मत बताना तुम्हें 50 हजार रुपए दूंगा। रुपए के लालच में ड्राइवर राकेश साहू ने किसी को नहीं बताया। ड्राइवर के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी कुलबुल साहू पिता स्व. मनबोध साहू उम्र 65 साल निवासी ग्राम बरबसपुर से पूछताछ की तो उसने हत्या को करना कबूल किया । मामले में पुलिस ने धारा 201, 34 भी जोड़ा है। आरोपी कुलबुल साहू एवं राकेश साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश रिमांड पर लिया।

## कुलेश्वरी को मिले 93 प्रतिशत अंक, गांव में हर्ष

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत दिनों कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें ग्राम बरगा के कुलेश्वरी साहू ने 93.11% हासिल कर अपने माता-पिता सहित अपने स्कूल का नाम रोशन कर दिखायी। कुलेश्वरी साहू अपनी पढ़ाई सरस्वती ज्ञान मंदिर हाईस्कूल देवरबीजा में की। कुलेश्वरी साहू समय-सारणी बनाकर हर दिन 8 घंटे की पढ़ाई लगातार करती थी। जिसका नतीजा आज रंग लायी। कुलेश्वरी साहू की कक्षा दसवीं में अच्छे प्रतिशत आने गांव में हर्षोल्लास का विषय बना रहा। इस खुशी ▶▶| शेष पेज 11 पर




आवश्यकता है

हरिभूमि

छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद

योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष

वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष

वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

8370049468, 9098324969

Email id: cir.haribhoomi@gmail.com



पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## श्री संभवनाथ जैन मंदिर में ध्वजा का आरोहण



**बालोद।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर में ध्वजा का आरोहण किया गया। ध्वजा का आरोहण भिखमचंद महावीर, प्रदीप, सुनील चौरड़िया परिवार द्वारा किया गया। मंदिर में प्रतिवर्ष बैशाख शुदी 10 को ध्वजा आरोहण का कार्यक्रम होता है। चौरड़िया परिवार के निवास से ध्वजा एवं पूजन सामग्री को मंगलगीत गाते एवं बंधाते हुए मंदिर लाया गया। मंदिर में पूजन पश्चात ध्वजा आरोहण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलडिया, सचिव रूपचंद गोलछा, भीखम चंद गोलछा, भीखम चौरड़िया, प्रमोद गोलछा, विनोद गोलछा, संतोष नवलखा, विकास भंसाली, प्रकाश भंसाली, आकाश गोलछा, ऋषभ चौरड़िया उपस्थित थे।

■ बैशाख शुदी 10 को हुआ कार्यक्रम

# स्टेशन में 27 रुपए किलो में चावल-आटा मिलना शुरू, परिसर में खड़ी होने लगी मोबाइल वैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


दैनिक रेल यात्रियों को शहर से घर लौटते और स्टेशनों के आसपास रहने वाले लोगों को आटा और चावल को लेकर चिंता नहीं करनी पड़ेगी। अब रेलवे स्टेशनों पर ही उचित मूल्य पर भारत आटा और भारत चावल मिलना शुरू हो गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की योजना के अंतर्गत मोबाइल वैन के माध्यम से भारत आटा और भारत चावल बेचने के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा और धमतरी रेलवे स्टेशनों के परिसर में अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति 3 महीने की अवधि अर्थात 18 मई से 17 अगस्त तक के लिए दी गई है। भारत आटा और भारत चावल की मोबाइल वैन वेंडिंग शाम को 2 घंटे 16.00 बजे से 18.00 बजे तक के लिए उपलब्ध रहेगी। भारत आटा 27.50 रुपए प्रति किलो व भारत चावल 29 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जाएगा।

खास खबर

## रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा और धमतरी रेलवे स्टेशन परिसर में सुविधा

### मध्य श्रेणी को मिलेगी राहत

बाजार में खाद्य सामग्री की कीमतें बढ़ने पर सरकार 'भारत ब्रांड' के नाम से निर्धारित उचित मूल्य पर लोगों को आटा, चावल और दाल उपलब्ध करा रही है। महंगाई बढ़ने पर मध्य श्रेणी के लोगों को सरकार की इस व्यवस्था से राहत मिल रही है। नई व्यवस्था की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत तीन माह के लिए होगी। रेल मंत्रालय की योजना सफल रही, तो आने वाले दिनों में इस व्यवस्था को नियमित कर दिया जाएगा। 15 मार्च 2024 को भारतीय रेलवे के समस्त क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को लिखे पत्र के माध्यम से बोर्ड के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, पैसेंजर मार्केटिंग नीरज शर्मा ने भारत आटा और भारत चावल की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया था।








### विक्रेता सिर्फ बैनर लगा सकेंगे

एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर क्षेत्रीय रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों (पीसीसीएम) को इस व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है। एक स्टेशन पर भारत आटा और भारत चावल की बिक्री के लिए एक मोबाइल वैन को ही अनुमति प्रदान की गई है। स्टेशन परिसर में शाम को सिर्फ दो घंटे के लिए मोबाइल वैन के माध्यम से सिर्फ भारत आटा और भारत चावल की बिक्री होगी। इसके बाद मोबाइल वैन स्टेशन परिसर से बाहर हो जाएगी। विक्रेता मोबाइल वैन पर सिर्फ बैनर लगा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### धन्वंतरि की जांच की मांग सीएम से मिले उपासने




**रायपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सच्चिदानंद उपासने ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को भेंट की। इसी दौरान श्री उपासने ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी की गरीबों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों को छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने चलने नहीं दिया, उसके स्थान पर अपनी वाहवाही लूटने धन्वंतरि के नाम से जन औषधि केंद्र खोल जेनेरेक दवाएं कम दरों पर देने अपने समर्थकों को शासकीय जमीनों की मुफ्त बंदरबांट कर कीमती जमीनों पर खोल दिया गया, जहां प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों की तुलना में महंगी दवाएं बेचकर छत्तीसगढ़ के गरीबों के साथ छलावा किया गया तथा प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों को योजनापूर्वक सस्ती दवाओं से वंचित रखा गया, ताकि वे दुकानें बंद हो जाएं। श्री उपासने ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि मुख्य एजेंसी कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता को दिला दी गई, ताकि सारा षड़यंत्र एवं अपनी योजना सफल हो सके। श्री उपासने ने मांग की है कि धन्वंतरि योजना की दुकानों के आवंटन की जांच की जाए तथा प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों को गरीबों के हित में सभी प्रकार की दवाईयों के नियमित आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।

### देश में जो भी सरकार बनेगी वो यूपी से जाएगी

**रायपुर।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने देश के आम चुनाव को लेकर कहा,



देश में जो भी सरकार बनेगी वो यूपी से जाएगी। लोग इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं। यह चुनाव जनता का है। बहुत सालों बाद यह स्थिति बनी है। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के बाद शनिवार को लौटे श्री बघेल ने प्रधानमंत्री के इस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस का इतिहास सशस्त्र बलों को धोखा देने वाला था। उन्होंने कहा, ताबूत घोटाला किसकी सरकार में हुआ। आतंकवादियों को घर छोड़ने का काम किसने किया। जरा इतिहास का अध्ययन कर लें। दरअसल स्मृति लोप हो गई है।

**निर्दोष ग्रामीणों की हत्या न हो**

बीजापुर के पीडिया जंगल में हुई पुलिस और नक्सली मुठभेड़ पर श्री बघेल ने कहा, उसकी जांच रिपोर्ट आ जाएगी। नक्सलवाद का खात्मा भी हम भी चाहते हैं, लेकिन निर्दोष ग्रामीणों की हत्या के हम खिलाफ हैं।

### कांग्रेस को वोट न करने की अपील, कर्मचारी की शिकायत

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बावजूद श्रम विभाग में पदस्थ शासकीय कर्मचारी द्वारा सोशल मीडिया में मर जाना पर कांग्रेस को वोट नहीं करने की अपील करते हुए पोस्ट डाला गया है। चुनाव के दौरान यह पोस्ट व्हाटएपस ग्रुप में लगातार चलता रहा। मामले में जिला कांग्रेस के प्रवक्ता बंशी कन्नौजे को जानकारी होने पर उन्होंने पोस्ट का स्क्रीन शाट लेकर राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से सहायक श्रम पदाधिकारी अशोक चौरसिया के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने कहा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं सिविल सेवा आचरण के नियमों के तहत कार्रवाई की जाए।

### शिवनाथ नदी में डूबे युवक का मिला शव

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में युवक के डूबने से मौत गाओ गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक नदी में डूबने की जानकारी एसडीआरएफ की टीम को मिली। सूचना पर मौके पर पहुची टीम ने नदी में खोजबीन करने पर वृंदानगर बोरसी निवासी विक्रम यादव के रूप में युवक की शिनाख़्त हुई। टीम में डीप डाइविंग अनुभवी जवान राजकुमार यादव, नरोत्तम चंदेल,इंद्रपाल यादव, कड़ी मेहनत कर शव को बाहर निकाल कर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण को लेकर महापौर और एमआईसी सदस्यों ने की व्यापारियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों और कांग्रेसी पार्षदों के साथ प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर बैठक ली और इस क्षेत्र का व्यापारियों के साथ भ्रमण भी किया। बैठक में महापौर ने व्यापारियों से चौड़ीकरण के संबंध में पत्राचार और मुआवजा राशि के संबंध में जानकारी ली। व्यापारियों ने उन्हें बताया कि 16 साल से वे बाट जोह रहे हैं, पर किसी विभाग या सरकार ने की ओर से अब तक सड़क चौड़ीकरण और मुआवजे के संबंध में पत्र नहीं मिला। महापौर एजाज ढेबर ने तात्यापारा के व्यापारियों से कहा कि तात्यापारा-शारदाचौक की यह सड़क सिर्फ रायपुर ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ की लाइफ लाइन है। सड़क संकरी होने के कारण लंबा जाम लगता है, इससे राहत दिलाने हमारी परिषद ने पिछली सरकार में पूर्व सीएम भूपेश बघेल से आग्रह कर सड़क चौड़ीकरण के लिए 120 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई। सरकार बदलते ही न तो राज्य सरकार के पास तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का जिक्र है, न ही सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हो पाया। सरकार इस मामले में उहापोह की स्थिति है।

### महापौर ने जून अंत तक मुआवजा दिलवाने दिया आश्वासन

महापौर एजाज ढेबर ने सड़क चौड़ीकरण प्रभावित व्यापारियों से कहा कि इस मामले में उनकी परिषद और सभी पार्षद 4 जून के बाद मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के पास जाकर इस संबंध में चर्चा करेंगे। सड़क चौड़ीकरण के लिए राशि स्वीकृत है, तो व्यापारियों को मुआवजा के तौर पर राशि अब तक क्यों नही दी गई।

### विकास रुक गया

कारोबारी संजय अग्रवाल ने कहा, 2005 में फूल चौक में जो व्यापार हुआ करता था वह 2024 में और खराब हो गया है। 2005 में रिंग रोड में एक पैसे का व्यापार नहीं था, लेकिन आज रिंग रोड में कई गुना व्यापार बढ़ गया है। सभी व्यापारी व्यापार को ऊंचा करना चाहते हैं। लोगों को सड़क चौड़ीकरण के साथ पार्किंग की भी सुविधा चाहिए। शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से विकास रुक गया है। बैठक में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सहदेव व्यवहार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष मनीराम साहू, मन्नू-विजेता यादव आदि शामिल रहे।

# गोंदवारा, रायपुरा, संतोषीनगर में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- मुख्यालय उड़नदस्ता, नगर निवेश टीम ने की कार्रवाई

राजधानी से लगे गोंदवारा, रायपुरा, संतोषीनगर बोरिया में नगर निगम के तोड़दस्ते ने शनिवार को जोन के नगर निवेश विभाग की टीम के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग रोकने कार्रवाई की। इस दौरान रायपुरा की वृंदावन कालोनी में 7 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर प्लाट के लिए बनाई गई डीपीसी को काटा गया। अवैध बोर को स्थल पर तत्काल बंद कराकर आवागमन बाधित करने रोक लगाई। महादेव घाट विसर्जन कुंड के पास करीब 5 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर वहां निर्मित अवैध मुरुम रोड को काट कर आवागमन बाधित किया गया।

निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को एक ही दिन में 3 जोन कमिश्नरी द्वारा अलग-अलग इलाके में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग रोकने तोड़ूदस्ता सुबह से देर शाम तक कार्रवाई करने डटा रहा। इस दौरान जोन 1 के गोंदवारा में करीब 3 एकड़, जोन 8 के रायपुरा में



3 अलग-अलग जगहों पर 13.51 एकड़ और जोन 10 के न्यू संतोषी नगर बोरिया इलाके में करीब 5 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है।

नगर निगम जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड के गोंदवारा में 3 एकड़ भूमि पर बनाई गई अवैध मुरुम रोड को मुख्यालय उड़नदस्ता टीम और जोन की नगर निवेश टीम ने जेसीबी मशीन से काटकर मार्ग में आवागमन बाधित किया। वहीं माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा की वृंदावन कालोनी में जोन 8 नगर निवेश विभाग टीम ने 7 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। इसी तरह चिंगरी नाला के पास डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन से काटकर आवागमन बाधित किया गया। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वरलाल टावरे की टीम ने अवैध प्लाटिंग रोकने कार्रवाई की।

### तहसीलदार को लिखा पत्र

जोन 1, जोन 8 और जोन 10 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के स्वामियों की जानकारी उपलब्ध करवाने कहा गया है।

# कुरियर कंपनी के ब्रांच मैनेजर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख की ठगी

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक कुरियर कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने एक मई से 14 मई के बीच ब्रांच मैनेजर के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शिवानंद नगर निवासी रोहित कुमार सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रोहित ने पुलिस को बताया है कि उसके वाट्सएप 216 मैसेज ग्रुप में एक मई को एएमजेड एग्रीकल्चर प्रोडक्ट ट्रेडिंग का मैसेज आया। तीन मई को मैसेज खोलने पर रोहित को जानकारी मिली कि उसके पास जो मैसेज आया है वह एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का ट्रेडिंग शेयर का है। इसके बाद रोहित ने मैसेज में दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार ट्रेडिंग अकाउंट बनाया और 50 हजार रुपए की शेयर ट्रेडिंग शुरू की।

### दस गुना मुनाफा मिलने के लालच में फंसा

रोहित के अनुसार उसने जिस राबर्ट से मोबाइल पर बात की थी, उसने उसे 10 लाख रुपए का ट्रेडिंग रीचार्ज कराने पर 15 दिन के भीतर एक करोड़ मुनाफा मिलने का झांसा दिया। मुनाफा की रकम हासिल करने 20 प्रतिशत कमीशन देने की बात कही। लालच में आकर रोहित ने 10 लाख रुपए का रीचार्ज ट्रेडिंग कराया। ट्रेडिंग रीचार्ज कराने के कुछ दिन बाद रोहित के पास जालसाजों ने पुनः काल करते हुए एक करोड़ प्राफिट मिलने का झांसा दिया। इसके बाद जालसाजों ने रोहित को 10 लाख रुपए और जमा करने पर एक करोड़ रुपए ट्रांसफर करने का झांसा देकर अपने अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराए।

### नरेश को पीएचडी

**रायपुर।** दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय ने पुलिस महकमे में निरीक्षक नरेश पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने इतिहास विषय में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक विशेष संदर्भ दुर्ग जिला में अपना शोधकार्य किया। उन्होंने अपना शोधकार्य शोध निर्देशक सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. किशोर कुमार अग्रवाल एवं सह शोध निदेशक साइंस कॉलेज दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया।

## वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सफारी प्रबंधन ने शुरू की वालंटियर योजना

**रायपुर।** वन्यजीव तथा प्रकृति प्रेमियों के लिए जंगल सफारी प्रबंधन ने स्वैच्छिक योगदान कार्यक्रम शुरू किया है। योजना के तहत इच्छुक प्रकृति प्रेमी तथा वन्यजीव प्रेमी एक रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर जंगल सफारी में सप्ताह में एक दिन जाकर स्वैच्छिक योगदान दे सकते हैं। सफारी प्रबंधन ने यह योजना वन्यजीव तथा प्रकृति प्रेमियों को वन्यजीव संरक्षण, ईको-टूरिज्म और प्राणी उद्यान प्रबंधन विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया है। जंगल सफारी डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के मुताबिक उक्त योजना से वन्यजीव तथा प्रकृति प्रेमियों को सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही वन्यजीव तथा प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन करने में मदद मिलेगी। जंगल सफारी की इस योजना में स्कूल, कालेज के छात्र से लेकर वन्यजीव तथा प्रकृति के लिए कार्य करने वाला कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। इस योजना से वन्यजीव तथा प्रकृति प्रेमी अपने रुचि और कौशल के अनुसार सफारी के दैनिक प्रबंधन में योगदान देकर जंगल सफारी प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

- रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर स्वैच्छिक योगदान दे सकते हैं वालंटियर
- योजना में राज्य के अलावा दूसरे राज्य के वालंटियर शामिल हो सकते हैं

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने 10वीं पास करने पर पूर्व नक्सली युवा से की वीडियो कॉल पर बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को वीडियो कॉल कर कबीरधाम के उस युवा लिवरु उर्फ दिवाकर से बात की, जो कभी 14 लाख का इनामी नक्सली था, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य संवारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पुलिस के सहयोग से उसने 10वीं की परीक्षा पास कर ली है। श्री शर्मा ने बड़ी आत्मीयता के साथ लिवरु से बात की, उसकी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उसका हौसला बढ़ाया। श्री शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए कृत संकल्पित है, लेकिन हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि यह कार्य बिना खून खराबा के हो। इसके लिए आदिवासी क्षेत्रों में विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना मतलब आपका अच्छा गांव योजना की शुरुआत की है। इससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र का विकास शहरी क्षेत्र के समान किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी नक्सली प्रभावित होकर बंदूक छोड़ रहे हैं और मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं। श्री शर्मा ने एक बार फिर से नक्सिलयों से मुख्यधारा में लौटकर अपना जीवन संवारने की अपील की है। श्री शर्मा ने कहा, हमारे जो भी भाई, बहन रास्ता भटककर नक्सली गतिविधियों से जुड़े हैं, वे लिवरु उर्फ दिवाकर से प्रेरणा लें और मुख्यधारा में लौटकर अपने जीवन में भी सुखद परिवर्तन लाएं। हमारी सरकार और हमारी पुलिस हर तरह से सहयोग करने को तैयार है।

# वित्त विभाग की अनुमति और जीएडी की सहमति से हो सकेगी संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

संविदा नियुक्ति को लेकर राज्य शासन ने नियमों में बदलाव किया है। नियमों में संशोधन कर संविदा भर्ती नियमों में कई शर्तें जोड़ दी हैं।

- जिनके खिलाफ विभागीय जांच वे नियुक्ति के लिए होंगे अपात्र




सामान्य प्रशासन विभाग ने संविदा नियुक्ति का जो नया निर्देश जारी किया है, उसमें अब सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की संविदा नियुक्ति से पहले वित्त विभाग की अनुमति और सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति लेनी होगी। राज्य शासन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संविदा नियुक्ति के संबंध में कैबिनेट में लिए गए निर्णय को लागू किया गया। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में सरकार ने संशोधन किया है। माह अप्रैल में किए गए संशोधन का जिक्र किया गया है। बदले नियम के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच होने या अभियोजन लंबित होने पर नियुक्ति के लिए अपात्र माना जाएगा। उनके कार्यकाल में वृद्धि किए जाने के संबंध में भी वित्त की अनुमति और सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति को अनिवार्य कर दिया गया है। यह एक बार में एक वर्ष के लिए ही वृद्धि की जा सकती है। वहीं विशिष्ट प्रकरणों में गैर शासकीय व्यक्ति विशेष और सेवानिवृत्त कर्मचारी की विशेषज्ञता या विशेष योग्यता के संबंध में उपयुक्तता का आकलन वित्त विभाग द्वारा किए जाने के बाद सामान्य प्रशासन की सहमति लेनी होगी। राज्य शासप ने अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया है।

### साल में 18 दिन अवकाश

संविदा कर्मियों को अब साल में 18 दिन अवकाश की पात्रता रहेगी। संविदा में नियुक्त किसी व्यक्ति को 70 साल की उम्र तक यह नियुक्ति दी जा सकती है।

## कई पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत भी किया

# आम जनता से करें अच्छा व्यवहार: आईजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वार्षिक निरीक्षण में निकले आईजी राम गोपाल गर्ग पुलिस लाइन दुर्ग और एसपी कार्यालय पहुचे थे। इस दौरान आईजी ने परेड के दौरान उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। पुलिस अधिकारी कर्मचारी भी रूबरू भी हुए। दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि सभी निर्धारित वेशभूषा ही धारण करें और वर्दी पहनने से आत्मसम्मान में वृद्धि होती है। जनता में अच्छी वेषभूषा धारण करने से पुलिस की छबि अच्छी बनती है। ड्यूटी में व्यस्तता के बावजूद अच्छी वेशभूषा धारण करें। आम जनता के साथ सुंदर व्यवहार करें। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। थाने में यदि कोई व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने पहुचता है तो उससे अच्छा व्यवहार करे। आगन्तुक व्यक्ति को गाइड करें और इसे लेकर थाना प्रभारी को बताये। थाना प्रभारी थाने में जाये तो पहले डीओ, एनओ अधिकारी मुंशी, मददगार से जानकारी ले कि उनकी अनुपस्थिति में कोई आया तो नहीं था। आईजी गर्ग ने प्रशासनिक भवन में विभिन्न शाखा क्रमशः गणवेश शाखा, सुरक्षा उपकरण शाखा, पुलिस साख सहकारी समिति बैंक, वाहन शाखा, महिला कल्याण केन्द्र, यात्रा भत्ता शाखा, वाहन शाखा, कैश शाखा, रोजनामचा शाखा का निरीक्षण कर सभी प्रभारी अधिकारी कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली। आईजी ने वार्षिक निरीक्षण परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की गुजारिश भी सुनी गई।



### निरीक्षण में पहुंचे थे अधिकारी

निरीक्षण के दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी अभिषेक झा, सुखनंदन राठौर, वेदव्रत सिरमौर, पद्मश्री तंवर, आईपीएस चिराग जैन, परि. आईपीएस अक्षय प्रमोद साबरा, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी हरीश पाटिल, एसडीओपी आशीष बन्छोर,डीएसपी विनोद मिंज, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, सदानंद विध्यराज, चन्द्रप्रकाश तिवारी, डीएसपी एलेक्जेंडर किरो मौजूद थे।

# लापरवाह वाहन चालकों का लाइसेंस संस्पेड



**भिलाई।** ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस संस्पेड किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि 4 माह में 280 लापरवाह वाहन चालको का लाइसेंस सस्पेंड करने के लिए परिवहन विभाग को प्रेषित किया गया है।

जिसमें परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहन चालको का लायसेंस को सस्पेंड किया है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा 280 प्रकरण में से 204 प्रकरण छ.ग. राज्य के सभी जिलों, 76 प्रकरण अन्य राज्यों के वाहन चालको का भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाईन के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट के 7 धाराओं जिसमें तेज रफ्तार वाहन चालन, रेड सिग्नल जम्प, शराब सेवन कर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग करना, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना, विपरीत दिशा से वाहन चालन करना, माल वाहक में ओवर लोड माल ले जाना शामिल है।

# बोड़ेगांव में प्रभावितों का इलाज घर पर ही, रोज मिल रहे मरीज

## अफसर का दावा स्थिति नियंत्रण में, शिविर लगाकर चल रहा उल्टी-दस्त का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बोड़ेगांव में लगातार डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। गांव में चौथे दिन भी एक महिला और एक पुरुष डायरिया से प्रभावित हुए हैं। बहरहाल गांव में शिविर लगाकर मरीजों का लगातार इलाज किया जा रहा है, वहीं घरों में भर्ती मरीजों पर स्वास्थ्य विभाग नजर बनाए हुए हैं। भले ही अफसर स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन चौथे दिन भी लगातार मरीज सामने आए हैं। बहरहाल डायरिया पर लगाम की स्थिति नहीं दिख रही है।

जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक की सूचना होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 मई 2024 से नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है। डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, दुर्ग, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग श्रीमती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, श्री राजेन्द्र वर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, निकुम, श्री संदीप वर्मा, आरएमए, श्री टेमेन्द्र देशमुख एवं सुश्री महेश्वरी बघेल, आर.एच.ओ., सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया जाकर आमजनता को चिकित्सकीय लाभ दिया दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार 18 मई 2024 को प्रभावित क्षेत्र ग्राम बोड़ेगांव में उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले है, जिनमें से 01 पुरूष 01 महिला को डायरिया व दस्त के जो अपने घर में ही चिकित्सकीय उपचार ले रहे है। 01 महिला 42 वर्ष जिनका श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार करा रहे हैं, उनकी स्थिति सामान्य है।

### 5 दिन में डायरिया के मिले 53 मरीज

विगत 14 मई 2024 से आज दिनांक तक ग्राम बोड़ेगांव में कुल 53 प्रकरण में 01 मरीज अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं व अन्य 52 मरीजों का घर पर ही चिकित्सकीय उपचार चल रहा है व स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। 24x7 स्वास्थ्य केन्द्रों में ड्यूटी लगायी गयी है।



### गांव में कराई जा रही रही मुनादी

कुल 110 घरों का भ्रमण किया गया 50 ओ.आर.एस.पैकेट, मैट्रोनिडाजोल के 10 टेब. वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत में सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी-दस्त होने पर सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए., विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एरिया सुपरवाईजर, सी.एच.ओ., एन.एन.एम. स्टाफ नर्स, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा संक्रमित क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण किया गया एवं गंभीर मरीजों को तत्काल हायर सेंटर रिफर किया जा रहा है। ग्राम बोड़ेगांव से रवेलीडीह पानी सप्लाई होने वाली पाईपलाईन का मरम्मत किया जा रहा है। वर्तमान में उल्टी-दस्त के प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण पर है।

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में आभा एप का शुभारंभ

**दुर्ग।** राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा संस्थानों में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची बनाने के लिए लंबी लाईन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का आभा मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और आभा एप के माध्यम से परिजन एवं मरीज रजिस्ट्रेशन करेंगे तथा ओपीडी काउंटर के पास लगे क्यूआर कोड को स्कैन और शेयर कर लंबी कतारों से बचें। ये सुविधा अब दुर्ग जिला अस्पताल में भी उपलब्ध हो गया है। सभी हितग्राहियों से अपेक्षा है कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए।

### तीन सूने मकान का ताला टूटा, लाखों का सामान पार

**भिलाई।** एक साथ तीन सूने मकानों का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। तीनों चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि एच/24/40 सिविल लाईन कसारीडीह दुर्ग निवासी शिवदास कातुलकर के मकान से नगदी , घरेलू सामान, एक्टीवा वाहन सीजी 07 बीएक्स 6578 चोरी हो गया है।

## निधन

### अनिता दुबे



**बेमेतरा।** नगर दाढ़ी (बेमेतरा वाले) के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीपी दुबे की पत्नी श्रीमती अनिता दुबे (अमोलिया देवी) का 73 वर्ष की उम्र में 18 मई को रात्रि में लगभग 9.30 बजे स्वर्गवास हो गया है। उनकी अन्त्येष्टि रविवार को नगर दाढ़ी के मुक्तिधाम में सुबह लगभग 11 बजे सम्पन्न हुई। अंतिम यात्रा में स्वजन सहित विभिन्न समाज के नागरिक शामिल थे। वे डॉ. योगेश दुबे, राकेश दुबे, शिशिर दुबे की माता थीं।

**विभाग की मनमानी :** राजस्व संबंधित कार्यों में हो रही कमीशनखोरी

# तहसील कार्यालय में बाहरी कर्मचारियों का कब्जा, लंबे समय से जमे बाबू

## तहसील कार्यालय में दलालों का कब्जा, बाबुओं ने रखा सहायक कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित तहसील कार्यालय में इन दिनों बाहरी कर्मचारियों का पूरी तरह से दबदबा कायम हो गया है। तहसील में पदस्थ जहां सरकारी कर्मचारी सिमट गए है, वही उनके इशारे पर बाहरी दलालों द्वारा कब्जा जमा लिया गया है। राजस्व से संबंधित कार्यो के लिए जमकर कमीशनखोरी भी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि, तहसील कार्यालय में पिछले लंबे समय से एक ही अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ है। यहां पदस्थ कर्मचारियों ने कारोबार को बढाने अपने स्तर पर निजी कर्मचारियों को रखा गया है। जिनके जरिए हर एक कार्य के लिए कमीशन फिक्स कर दिया गया है। ऐसे में कभी सरकारी दस्तावेजो में छेडछाड हो सकती हैं और दस्तावेजों में कुटरचना भी किए जा सकते है। सूत्रों ने बताया कि, तहसील में बाबूओं द्वारा अपनी हुकुमत कायम करने दो कर्मचारियों को रखकर हर माह वेतन दिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि, यहां लंबे समय से जमे बाबु धनाढ्य बनने को उतारू हो गए है। सूत्रों ने बताया कि तहसील कार्यालय के अलावा एसडीएम ऑफिस में भी पिछले लंबे समय से एक ही कर्मचारी पदस्थ है। इस तरह तहसील और एसडीएम कार्यालय में बाबू की पेट लंबे समय से जमी हुई है। जिला प्रशासन के कई विभागों में अटैचमेंट पर अभी भी कर्मचारी कार्यरत हैं। अटैचमेंट के चलते भी गोपनीयता भंग होने की आशंका बनी रहती है।

### खास बातें

- प्रशासन के नाक के नीचे विभाग कि मनमानी
- बाहरी कर्मचारी कर रहे दस्तावेजों में कूट रचना
- तहसील और एसडीएम ऑफिस में चल रही मनमानी



### हर काम के लिए कमीशन फिक्स

पडताल करने पर जानकारी मिली कि तहसील में हर कार्य के लिए कमीशन फिक्स कर लिया गया है। प्रमाणीकरण के लिए दो से तीन हजार, नामांतरण के लिए तीस से चार हजार रूपए और वसीयत पर नामांतरण के लिए दस हजार रूपए तक शुल्क सहित कमीशन निर्धारित किए गए है। जबकि इन कार्यो को निशुल्क और सिविल चार्ट के अनुसार पन्द्रह दिन के अंदर करना है।

### पटवारी ने भी रखा बाहरी कर्मचारी

राज्य शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि विभागों में बाहरी कर्मचारियों को नहीं रखा जाना है। इसके बाद भी न सिर्फ तहसील में बल्कि विभिन्न विभागों में भी बाहरी कर्मचारियों को रखे जाने की जानकारी सामने आ रही है। जिले के प्रत्येक हल्के में पटवारी द्वारा भी अलग से कर्मचारियों को अपने स्तर पर रखा गया है। जिसके चलते विभागीय योजनाओं की गोपनीयता भंग होने की पूरी आशंका है।

# एडीबी ने तोड़ी पाइप लाइन पीएचई ने की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एडीबी द्वारा ठेलकाडीह से चिखली तक बनाया जा रहे सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसके चलते नगपुरा गांव में पेयजल पूरी तरह से बाधित हो गया था। इस मामले को लेकर शुक्रवार को महिलाएं सड़क पर प्रदर्शन करने उतरी थी। महिलाओं के विरोध के बाद दूसरे दिन पीएचई विभाग ने गांव में मरम्मत कार्य शुरू कर व्यवस्था बहाल कर दिया है, जिसके बाद पानी सप्लाई फिर से शुरू हो चुकी है।

- शुक्रवार को महिलाओं ने किया था प्रदर्शन

पाइपलाइन सुधार के बाद पीएचई के अफसर में दावा किया है कि, जिले के ग्राम नगपुरा में लोगों को अब पानी की समस्याएं नहीं होगी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में विगत 17 मई को पीएचई विभाग द्वारा ग्राम नगपुरा में ए.डी.बी. विभाग द्वारा तोड़ी गई पाईप लाईन को दुरूस्त किया गया और ग्राम में पेयजल सप्लाई चालू किया गया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डे ने बताया कि पिछले एक महीने से ग्राम में पाईप तोड़े जाने के कारण पानी की समस्या हो रही है, परन्तु पीएचई विभाग द्वारा पूरी लाईन का मरम्मत कर दिया गया है। अब गांव वालों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होगी।

### एडीबी ने बनाई आधी अधूरी नालियां

उल्लेखनीय है कि एडीबी विभाग द्वारा राजनांदगांव के ठेलकाडीह से दुर्ग के चिखली तक करीब 27 किलोमीटर की सड़क 81 करोड़ की लागत से बनाई जा रही है। एडीबी विभाग द्वारा सड़क किनारे नाली बनाने के दौरान अतिक्रमण हटाने के बगैर नालियों का निर्माण कर दिया गया। इस दौरान एडीबी द्वारा बड़ी लापरवाही करते हुए नालियों का निर्माण छोड़ छोड़ कर किया गया। वही पीएचई विभाग ने भी आधी अधूरी नाली के बीच पाइप लाइन बिछा दी। वहीं कई घरों में निर्माण के दौरान पाइपलाइन टूटने की बात पीएचई के अफ सर कह रहे हैं।

# समर कैंप का बच्चों ने उठाया लाभ, वाटर पुल फन, जुबा डांस में की भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

(डी. पी. एस.) धर्मपाल सिंह आर्य पब्लिक स्कूल आर्य नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के परिसर में लगाया गया। जिसमें बच्चों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट, वॉटर पुल फन, संस्कृत श्लोक रेसिटेशन, जुबा डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग एवम कर्सिव राइटिंग सिखाया गया।

समर कैम्प की प्रमुख आयोजिका दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता थीं। जिनके निर्देशन में कैम्प सुचारू रूप से संचालित हुआ। सभी बच्चे उत्साह से कैम्प का आनंद लिए। समर कैम्प में स्कूल की प्राचार्या अलमास खान, तनुश्री, निहारिका, प्रियंका, गौरी तथा बादल का विशेष योगदान रहा। समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह गुप्ता ने बच्चों के उत्साह को देखकर प्रशंसा की।




# स्वास्थ्य विभाग में समय-सीमा के निर्देशों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में समय सीमा के निर्देशों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फिजियोथेरेपी कार्य का आनलाइन डाटा ईन्ट्री करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देश पर आर्गन डोनेशन, अंधत्व नियंत्रण, मेंटल हेल्थ, स्वास्थ्य वालिन्टीयर को प्रशिक्षण, माहवारी स्वास्थ्य, सर्वाईकल केंसर के संबंध में प्राथमिकता देने, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी बीएमओ को अलर्ट रहने, डेंगू के संबंध में सभी नोडल अधिकारी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा गया है। आईडीएसपी के तहत प्रत्येक दिन का डाटा ईन्ट्री आनलाइन करने, एनसीडी कार्यक्रम के तहत सभी मरीजों की आनलाइन डाटा ईन्ट्री किया जाना है, एवं फालोअप भी किया जाना है। बीपी के मरीजों की उच्चरक्तचाप पासपोर्ट बनाया जा रहा है। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया गया है कि हिपेटाईटीस की टेस्ट सभी कर्मचारियों का किया जाना है, नेगेटिव वाले कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाना अनिवार्य होगा।

# गीला-सूखा कचरा अलग न देने पर होगी जुर्माने की कार्रवाई, आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड निरीक्षण के दौरान नागरिकों के घर जाकर लोगों से अपील की है कि घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को अलग अलग डस्टबीन में रखें। नाली, सड़क में न फेंके। बोरसी कालोनी, सुंदर नगर सहित मधुबन नगर में डोर टू डोर कलेक्शन का निरीक्षण आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ की। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने जिन घरों में गीला सूखा कचरा नहीं दिया गया। उन्ही से गीला सूखा कचरा अलग अलग करवाकर डस्टबीन में डलवाया गया। साथ उन्हें हिदायत दी गई ऐसा कतई न करें नही तो जुर्माना वसूला जावेगा। शहर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी न केवल नगर निगम की बल्कि हम सब की है। घर का कचरा बाहर न फेंकें। शहर में डोरबेल योजना के तहत कचरे एकत्र करने आपके घर तक निगम रिक्शा भेज रहा है। नालियों में कचरा या घर से निकला निर्माण सामग्री, पॉलिथीन आदि को भी न डालें। इससे नालियां जाम होगी और परेशानी सभी को होगी। अगर कचरा फेंकेंगे तो नगर निगम आपके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाही होगी जिससे आपको अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। निगम का अमला सफाई में कोताही बरते तो उसकी शिकायत भी जरूर करें। एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें और भूमिका भी निभाएं।

## पेज 9 के शेष

### शराब तस्करी ...

मामले की जांच कर रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और कहां ले रहे जा रहे थे। किसके लिए काम कर रहे थे। अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई को स्थानीय थाना पुलिस दबाती रही। अधिकारी भी जानकारी देने से कन्नी काटते रहे। गुरुदयाल सिंह बंजारे पूर्व विधायक नवागढ़ ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में शराब बंदी को लेकर हो हल्ला मचाने वाले भाजपाई अब शराब की मोबाइल सेवा शुरू कर दिए हैं। बेमेतरा आबकारी विभाग ने नांदघाट क्षेत्र में जिन युवकों को पकड़ा है वे किस पार्टी के कार्यकर्ता है इसे सार्वजनिक होना चाहिए।

### कुलेश्वरी की 10वीं में ...

के अवसर पर ग्राम पंचायत बरगा के सरपंच नोहर (बल्लूपाल) पाल, शिक्षक दुर्गेश श्रीवास, प्रताप साहू, खेमसिंह वर्मा, छबीलाल, तिवारी, तखत साहू, राजकुमार साहू, कांशीराम, जलेश वर्मा, पूर्णानंद वर्मा, राकेश वर्मा, अमित साहू, रामेश्वर साहू, ढालसिंग साहू, सोहन साहू, कुन्तिमा साहू शिक्षिका, पुष्पराज सेन प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन कुलेश्वरी साहू के घर पहुंच मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। एवं इसकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

**दायित्यों का अधिकारियों ने किया बेहतर निर्वहन**

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 07 मई को शांति पूर्वक मतदान संपन्न हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

- सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया सम्मानित




विगत रात्रि जटार क्लब दुर्ग में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सादे सम्मान समारोह में संभागायुक्त एसएन राठौर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेन्द्र शुक्ला भी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए संभागायुक्त एसएन राठौर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि लोकसभा क्षेत्र दुर्ग में निर्विवाद एवं शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बेहतर समन्वय के साथ मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए सभी को बधाई दी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गये थे। अधिकारियों ने सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से किया, जिसकी वजह से कहीं भी किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं आई। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि बेहतर कार्यशैली के साथ मतगणना कार्य को भी निर्विवाद सम्पन्न कराने में सभी अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। समारोह में संभागायुक्त श्री राठौर, कलेक्टर सुश्री चौधरी एवं एस.पी. श्री शुक्ला ने अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी सपरिवार मौजूद थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### भिलाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई विकासंखड गुंडरदेही में मेधावी छात्रा भावना सिन्हा ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर तेजस्वी ने 91.16% अंक अर्जित किए। तृतीय स्थान पर आयुषी चंद्राकर ने 91% अंक अर्जित कर ग्राम भिलाई को गौरवान्वित किया। प्राचार्य के.लता वेणुगोपाल ने बताया कि टीचर्स के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं का 91.3 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 95.7 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 12वीं आट्र्स से गीतिका 79.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम रहीं। वहीं बायो की छात्रा ममता 79 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही। परीक्षा प्रभारी आरपी गुप्ता, शैलजा चंद्राकर, कक्षा शिक्षक एचएस गायकवाड़, लतादेवी चंद्राकर, मीता रानी दास, अनामिका दत्ता, राखी बोकारे सहित सभी शिक्षकों सहित ग्राम पंचायत भिलाई के सरपंच उमेश ठाकुर और पंचों के अलावा माखन साहू, ओंकार सिन्हा, लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, मनोज पटेल, देवधर साहू, पूर्व सरपंच तोरण लाल पारकर, सावित्री शर्मा ने छात्रों को बधाई दी।

### सेजस स्कूल में 20 को निकलेगी लॉटरी

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी में शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए लाटरी प्रक्रिया शासन के नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। विद्यालय की प्राचार्या शीला फ्रांसिस ने बताया कि प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई तक निर्धारित की गई थी। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई को थी।

### लूटपाट करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भिलाई।** रास्ता रोक कर दबंगई दिखाते हुए लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राम नगर निवासी इंद्रपाल सिंह 4 अक्टूबर 2023 की रात अपने घर जा रहा था। स्पर्श अस्पताल सुपेला के पास पहुंचते ही आरोपी पृथ्वी, दयाल, शुभम, रोहित राय उर्फ रोहित यादव ने पीड़ित का रास्ता रोका। पीड़ित से रुपए का डिमांड करने लगे विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट भी किया। पीड़ित के गले में पहने सोने के चैन को आरोपियों ने लूट कर फरार हो गए। आरोपी को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में फरार आरोपी 18 नंबर रोड आजाद मोहल्ला केम्प-1 भिलाई निवासी रोहित राय उर्फ रोहित यादव की खोजबीन शुरु की गई। सूचना मिलने पर आरोपी रोहित को सुपेला से पकड़ा गया। इस दौरान सुपेला टीआई राजेश मिश्रा, सउनि राजेश सिंह, रवि कुमार का अहम योगदान रहा है।

**आयोजन :** हम प्रकृति से जितने पास रहेंगे उतना ही स्वस्थ रहेंगे: डा. मुंडावने

# विहिप दुर्गा के वाहिनी शौर्य वर्ग प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक मानसिक, बौद्धिक के साथ दे रहे स्वास्थ संबंधी जानकारी भी








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला दुर्गा वाहिनी शौर्य वर्ग प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक के साथ स्वास्थ संबंधी जानकारी भी प्रदान की जा रही है। जिससे किशोरी, बालिकाएं शारीरिक रूप से मजबूत आत्मरक्षा गुणों से युक्त होकर स्वस्थ जीवन जी सके। शिविर के पांचवें दिन शारीरिक, बौद्धिक के साथ स्वास्थ संबंधी शिविर भी लगाया गया।

▪ शिविर में शामिल 280 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

नर्सिंग हॉस्पिटल की एमबीबीएस, डीएनबी, एफएमआरएस महिला स्पेशलिस्ट डॉक्टर अश्वनी रमेश मुंडावने ने शिविर में शामिल बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया व सभी को स्वास्थ्य जानकारी दी। दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में पंचम दिवस किशोरी स्वास्थ्य विषय पर बहनों को जानकारी देने किशोरी विकास प्रांत प्रमुख मानसी गुलाटी ने स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रांतीय आरोग्य भारती की उपाध्यक्ष, हेल्प हैंड जैसी सामाजिक संस्था चला कर वर्ल्ड रिकॉर्ड विजेता है। आज के बौद्धिक सत्र में किशोरी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किशोरी अवस्था में आने वाले बदलावों को समझना चाहिए। और उन्हें संतुलन बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन और पालकों की सहायता लेनी चाहिए। साथ ही मासिक धर्म पीसीओडी, सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीन, रूबेला वैक्सीन के विषय में बहनों को अवगत कराते हुए कहा कि यह सब एक गंभीर बीमारी है। अगर इसके लिए सावधानी बरती जाए तो समय पर इसे ठीक करना संभव होता है। साथ ही सभी को संतुलित दिनचर्या का पालन करते हुए खानपान में ध्यान देने, मोटे अनाज, हरी सब्जियां, गुड, खजूर, हरी सब्जियां, चुकंदर, अनार, खट्टी चीज, विटामिन सी के लिए प्रोटीन, सोयाबीन राजमा, मूंगफली, दाल जैसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति से जितने पास रहेंगे उतना ही स्वस्थ रहेंगे, इसलिए सोने और उठने का समय निर्धारित हो इस पर जोर देना चाहिए। मंच संचालन विनीता शर्मा राजिम विभाग ने किया।

#### किशोरावस्था की समस्याओं से कराया अवगत

किशोरावस्था में बच्चियों पर होने वाली सभी समस्याओं के बारे में उन्हें जागरूक रहने की आवश्यकता हैं। नशीली पदार्थों के आदत से होने वाले नुकसान के बारे में बताया, महिलाओं में होने वाली खून की कमी की समस्या को दूर करने के लिए उन्हें अपने खान–पान पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी और सतर्कता ही सबसे उत्तम बचाव है। इस वर्ग में महिला विधिक सेवा व कानून संबंधी जानकारी संगीता शर्मा ने दी।

#### नरसिंह अस्पताल ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

आज वर्ग में नरसिंह अस्पताल के संचालन त्रिवेश रावटे के द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमें अश्विनी रमेश मुंडावने एमबीबीएस, डिजीओ, डीएनबी, एफएमआरएस ने लगभग 280 बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

वर्ग में जिला अध्यक्ष विहिप बालोद मुख्य व्यवस्थापक बलराम गुप्ता, प्रांत सह संयोजिका पुजा जैन चरामा, प्रीति दुबे बिलासपुर, जिला मंत्री राज सोनी, जिला मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, संगीता शर्मा, सुरेश निमर्लकर, छोटेलाल चंद्राकर, मिथुन साहू, जिला कार्यवाह संतोष साहू, बोधन भट्ट, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, जयंत साहू, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, पंकज जैन, पूजा सोनी, पुनिता मिश्रा, पूजा जैन, भगवती साहू, मोहित साहू, संगीता शर्मा, जानकी यादव, नंदा, योगिता शर्मा, राजपूत, कमल बजाज, दीपक यादव, छगन यादव, जितेंद्र साहू, तोमन साहू, नीलेश श्रीवास्तव, शंकर साहू, चौलेश देशमुख सहित अन्य संगठन के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## टंगिया से कई वार करके बेरहमी से महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देवरबीजा चौकी क्षेत्र के ग्राम सिंघौरी में 35 वर्षीय महिला की टंगिया मारकर हत्या कर दी गई । मामले में पुलिस धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद का मामला है। जिसमें विवादित जमीन में लगे बबूल के पेड़ को काटने के बाद लकड़ी ले जाने को लेकर विवाद हुआ है।

▪ पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार टांगिया से महिला के गर्दन व पैर पर प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किया। पंचनामा पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौपा जाएगा। 35 वर्षीय दुखनी बाई साहू पति रोहित साहू को गाँव के ही आरोपी ने मौत के घाट उतार दिया है। इस जघन्य घटना से गाँव मे सनसनी फैल गयी है। बताया जा रहा है, कि आरोपी द्वारा सिर्फ लकड़ी उठाने के नाम पर तैश में आकर वारदात को अंजाम दिया गया है जिसमे मृतक महिला के पति एवं बच्चो पर जानलेवा हमला के लिए दौड़ाया है, हालांकि तीनो इस घटनाक्रम में जान बचाने में कामयाब हो गए।



**आरोपी ने महिला के दोनों पैर पहले काटे,फिर गर्दन पर किया वार :** जानकारी के मुताबिक बीते रविवार को सिंघौरी गाँव निवासी मृतका दुखनी बाई और उनके बेटे नागेश्वर व योगेश साहू तीनों लकड़ी काटने के लिए अपने खेत गए थे। इसी बीच अचानक आरोपी चेतन सतनामी और उनके पत्नी चम्पा सतनामी दोनों बैल गाड़ी के माध्यम से मौके में पहुंचे। इसी बीच मृतक महिला व उसके बच्चों को लकड़ी काटते अचानक गुस्से में आकर आरोपी चेतन ने दुखनी बाई को धारदार कुल्हाड़ी से दोनों पैर व गले में अंधाधुंध वार कर बेरहमी से कत्ल कर किया। जिससे महिला की मौके में ही मौत हो गयी। वही आरोपी ने इसके बाद मृतका के दोनों बेटे को मारने के लिए कुछ दूर तक दौड़ाया गया। उसी बीच मृतिका के पति रोहित साहू बीच बचाव करने पहुंचे तो उनके ऊपर भी जानलेवा वार किया। जिससे रोहित साहू को चोटें भी आईं है, जिनका उपचार किया जा रहा है।

#### लकड़ी उठाने के नाम पर वारदातः वर्मा

सिटी कोतवाली बेमेतरा के चंद्रदेव वर्मा ने बताया कि ग्राम बावा सिंघौरी में लकड़ी उठाने के नाम पर आरोपी चेतन सतनामी ने दुखनी बाई साहू को धारदार हथियार से गले व पैर में वार के मौत के घाट उतारा है। वही आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में सभी पहलुओं को लेकर पुलिस की जांच शुरू कर दी गयी है।

### तीन सूने मकान के ताले टूटे, लाखों का सामान पार

**भिलाई।** एक साथ तीन सूने मकानों का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। तीनों चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि एच/24/40 सिविल लाईन कसारीडीह दुर्ग निवासी शिवदास कातुलकर के मकान से नगदी , घरेलू सामान, एक्टीवा वाहन सीजी 07 बीएक्स 6578 चोरी हो गया है। जिसकी कुल कीमत 91 हजार 500 रूपये है। पीड़ित सिविल कोर्ट दुर्ग में रीडर के पद पर कार्यरत था। 6 मई को मकान में ताला जड़कर पीड़ित बैतुल एमपी गया हुआ था। पडोसी ने फोन कर पीड़ित को चोरी की जानकारी दी। आलमारी से 11 हजार नगद समेत जेवरात गायब मिला।

### दंडचालन का प्रशिक्षण ...



**बालोद।** दुर्गा वाहिनी की बहनें नगर में संचालित शौर्य शिविर में आत्मरक्षा के गुण सीख रही हैं। शिविर में महिलाएं दंडचालन का प्रशिक्षण ले रहीं रहीं हैं। दंडचालन का अभ्यास भी कर रहीं हैं। शिविर में प्रदेश के 17 जिलों से 300 बालिकाएं भाग ले रहीं है। इसमें बालोद जिले से 60 बालिकाएं सम्मिलित हैं।

## छात्र-छात्राएं सीख रहे खेल की बारीकियां कहानी लेखन सहित अन्य विधाओं में भी हो रहे पारंगत

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया में लगातार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 15 मई से 31 मई तक सरकारी स्कूलों में कलेक्टर के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार समर कैंप के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य नीलमणि उज्वने द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। शीला चंद्रा ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकल में रखने वाली विभिन्न सावधानियां के बारे में अवगत कराया। ताकि इस भीषण गर्मी में हम अपने आप को सुरक्षित कैसे रखें। प्रथम दिवस सुनील डड़सेना खेल प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को खेल विधा जैसे बैडमिंटन, फुटबॉल कैरम और क्रिकेट जैसे खेलों का परिचय देते हुए उनकी बारिकियों से अवगत कराया गया। प्रीतम देवांगन द्वारा विद्यार्थियों को कहानी लेखन विद्या से परिचित कराया गया।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे ईंट भट्ठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में प्रतिबंधित क्षेत्र में ईट भट्ठों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा मामले की कलेक्टर के पास शिकायत करने के बाद भी तहसील राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान पहुंच रहा है। मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोरर एवं ग्राम पंचायत अर्जुनी के आश्रित ग्राम चिरचारी का है।

▪ ऐतिहासिक धरोहरों को पहुंच रहा नुकसान

ग्राम चिरचारी मे सोरर की सीमा मे विकासखण्ड की पहचान ऐतिहासिक बहादुर कलारिन की माची है, यह पुरातात्विक संरक्षित क्षेत्र है। जिस पर ईंट भट्ठे के कारण अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है। वैसे तो सोरर एवं चिरचारी मे दर्जनभर ईट् भट्ठे संचालित है, जो राजस्व विभाग के संरक्षण मे निजी के साथ शासकीय भूमि मे संचालित हो रहा है, लेकिन सबसे संवेदनशीन मामला बहादुर कलारिन की मांची के बगल में संचालित ईट भट्ठा का है। पुरातात्विक संरक्षित होने के कारण नियमानुसार संरक्षित क्षेत्र के 200 मीटर के दायरे मे किसी भी प्रकार की गतिविधि प्रतिबंधित है, लेकिन मांची के चारदिवारी से सटकर बीते तीन सालों से यहां ईट भट्ठा संचालित हो रहा है।



#### आसपास के रहने वाले भी परेशान

ईट भट्ठों के पास कई आवासीय मकान हैं। इन मकानों में इस भट्ठे की राख जा रही है। इससे परेशान ग्रामीणों ने शिकायत तहसील से लेकर कलेक्टर तक की है। शिकायत में कुछ कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण कलेक्टर जनदर्शन में पहुचकर अपनी पीड़ा बताई। तत्कालिक कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच व कार्रवाई के लिए तहसील राजस्व को निर्देश दिए।

#### तहसीलदार पहुंचे, पर कार्रवाई नहीं

क्षेत्र के सरपंच व ग्रामीणों ने बताया कलेक्टर के निर्देश के बाद गुरूर तहसीलदार जांच के लिए पहुंचे, स्थल निरीक्षण भी किया गया। लेकिन महीने बीत गए न कार्रवाई हुआ न प्रतिबंध लगा, अब भी ईट भट्टा का संचालन उसी स्थान पर किया जा रहा है। ईट भट्ठे की राख, उसकी तपिश माता बहादुर कलारिन की माची को नुकसान पहुंचा रही है। दूसरी तरफ पटवारी परवेज अख्तर ने कहा कि वे नहीं जानते कि क्षेत्र में कितने ईट भट्ठे संचालित हैं।

## धानापुरी में 5 किसानों के खेत से पंप का केबल पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तहसील में किसानों के खेत मे लगे मोटर पंपों से केबल चोरी होने का मामला लगातार सामने आ रहा है। पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण केबल चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ग्राम धानापुरी में एक साथ पांच किसानों के खेत में केबल चोरी होने का है। दो दिन पूर्व ही विकासखण्ड के सनौद थाना क्षेत्र में चार किसानों के खेतों से केबल चोरी होने की शिकायत सामने आई थी। मामले में आरोपी का पता नहीं चल सका है। अब ग्राम धानापुरी में अज्ञात चोरों द्वारा गांव के ही 5 किसानों के मोटर पंपों से केबल वायर चोरी होने का मामला सामने आया है। हालांकि किसानों द्वारा अब तक थाने मे रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। किसानों का कहना है कि चोरी की शिकायत करने से कोई लाभ नहीं है, चोर पकड़ में आते नहीं है। पुलिस विभाग जांच के नाम पर प्रार्थियों को ही लगातार पूछताछ के लिए बुलाते रहते है इसलिए कोई शिकायत नही करते। किसानों से मिली जानकारी अनुसार किसान मदन सिन्हा के मोटर पंप से 50 फीट, फेकूराम सिन्हा के मोटर पंप से 30 फीट, इसी तरह से हेमराज सिन्हा 60 फीट, ऐनूराम सिन्हा 40 फीट, सहदेव ठाकुर 40 फीट केबल वायर मोटर पंप से चोरी हो गई है।

**महिला व बाल विकास विभाग के आफिस में समस्या**

## परियोजना कार्यालय में प्रसाधन नहीं महिलाओं को सालों से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में सेप्टिक टैंक वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ है, जिससे कार्यालय में आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ विभाग के कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए अन्य विभाग का सहारा लेना पड़ रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्य करने वाले 90 प्रतिशत कर्मचारी महिला हैं। यहां विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य करने वाली कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रतिदिन आना पड़ता है, लेकिन इस कार्यालय मे शौचालय की सुविधा ही नहीं है। कहने को तो शौचालय बनाया गया है, लेकिन इसकी टंकी वर्षों से जर्जर हालत में है, जिससे शौचालय का उपयोग नहीं किया जा सकता। विशेष परिस्थितियों में उन्हे नजदीक के अन्य कार्यालय या अपने रिश्तेदार या पहचान वालों के घर में जाना पड़ता है।



टंकी का स्लेब टूट चुका है, क्षेत्रवासियो ने बताया कि यह स्थिति सालों से है लेकिन कभी विभाग ने इसकी मरम्मत कराने की ओर ध्यान नहीं दिया। यहां स्थित जर्जर टंकी जानलेवा भी हो सकती है, क्योंकि उसका स्लैब टूट चुका है। टंकी गहरी है, जहां वर्तमान मे कचरा डाला जा रहा है। विभाग के कार्यालय में यूरिनल जरूर है, लेकिन उसका पानी खुले मैदान मे जा रहा है। जिसकी बदबू से कर्मचारियों व क्षेत्रवासियों परेशान हैं।

### तेज आवाज में बजाया डीजे, तीन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर देर रात तक डीजे साऊंड सिस्टम, धुमाल तेज आवाज में बजाते पाए जाने पर पुलिस ने तीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411